आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 20.04.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ईस्टर की पूर्व संध्या पर देश और विदेश में रहने वाले ईसाई समुदाय सहित सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी हैं।
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज अमेरिका और पेरू की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगी।
- खाद्य सुरक्षा विभाग श्री विजयपुरम के मरीना पार्क में 'दो दिवसीय ईट राइट मेले का कल शुभारंभ हुआ।
- फिडे रैपिड रेटिंग ओपन शतरंज टूर्नामेंट–'अंडमान निकोबार शतरंज महासंग्राम–2025' कल नेताजी स्टेडियम में शुरू हुआ।

<><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ईस्टर की पूर्व संध्या पर देश और विदेश में रहने वाले ईसाई समुदाय सहित सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने एक संदेश में कहा कि पवित्र ईस्टर त्यौहार भगवान जीसस क्राइस्ट के पुनर्जीवित होने का प्रतीक है और निस्वार्थ प्रेम और सेवा का संदेश देता है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि जीसस क्राइस्ट का बलिदान क्षमा और त्याग के मूल्यों की शिक्षा देता है। उनका जीवन मानवता को सत्य, न्याय तथा सद्भावना के लिए प्रेरित करता है। राष्ट्रपति ने प्रत्येक व्यक्ति से जीसस क्राइस्ट के जीवन मूल्यों को आत्मसात करने तथा समाज में शांति और समृद्धि को प्रोत्साहन देने का अनुरोध किया।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाईस अप्रैल को जेद्दाह पहुंचेंगे, जो चार दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा होगी। यह यात्रा भारत–सऊदी अरब संबंधों में आए उल्लेखनीय परिवर्तन को दर्शाती है, जो मामूली शुरुआत से लेकर आर्थिक, रक्षा और सांस्कृतिक सहयोग तक फैली व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक है। यह यात्रा विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि पिछले भारतीय प्रधानमंत्रियों की यात्राएँ रियाद तक ही सीमित थीं। आज, जेद्दाह सऊदी अरब का दूसरा सबसे बड़ा शहर है, जो ऐतिहासिक हेजाज़ क्षेत्र में लाल सागर के किनारे एक प्रमुख वाणिज्यिक केंद्र है।

<><><><><><>

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज अमेरिका और पेरू की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगी। सैन फ्रांसिस्को की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान, सीतारमण स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में हूवर इंस्टीट्यूशन में मुख्य वक्ता के तौर पर भाषण देंगी और प्रमुख फंड प्रबंधन फर्मों के शीर्ष सी ई ओ के साथ बातचीत करेंगी, इसके अलावा शीर्ष सूचना प्रौद्योगिकी फर्मों के सीईओ के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगी। वह भारतीय प्रवासियों के एक कार्यक्रम में भाग लेंगी और वहां बसे भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत करेंगी। वाशिंगटन की अपनी यात्रा के दौरान, वित्त मंत्री अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की स्प्रिंग मीटिंग्स के अलावा जी20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नर की दूसरी मीटिंग, विकास समिति प्लेनरी, आई एम एफ सी प्लेनरी और वैश्विक संप्रभु ऋण गोलमेज बैठक में भाग लेंगी। आगामी छब्बीस तारीख से पेरू की अपनी पहली यात्रा के दौरान, केंद्रीय मंत्री वित्त मंत्रालय के अधिकारियों और व्यापार जगत के नेताओं के एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी, जो दोनों देशों के बीच मजबूत होते द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापार संबंधों पर प्रकाश डालेंगे।

**<><><><><><><>**

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि मीडिया के लिए विषयवस्तु तैयार करने वाले लोगों और उनकी अर्थव्यवस्था में बदलाव हो रहा है। वेव्स से पहले श्री वैष्णव ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रौद्योगिकी के साथ पुराना मॉडल नए मॉडल को रास्ता दे रहा है और नए अवसरों के साथ–साथ चुनौतियां भी पेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि वेब्स विश्व स्तर पर विषय वस्तु तैयार करने वालों, खरीददारों और बाजार के लिए एक सम्पर्क के रूप में उभर रहा है।

<><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो ने आत्मनिर्भरता अभियान के अंतर्गत पी एस एल वी के चौथे चरण में नोजल बनाने के लिए आयातित कोलुम्बियम सामग्री के स्थान पर एक वैकल्पिक सामग्री विकसित की है।

<><><><><><>

खाद्य सुरक्षा विभाग श्री विजयपुरम के मरीना पार्क में 'दो दिवसीय ईट राइट मेले का कल शुभारंभ हुआ। मेले का उद्घाटन ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार, शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह, सूचना एवं पर्यटन विभाग के निदेशक अज़हरूद्दीन–ज़हरूद्दीन काज़ी भी उपस्थित थे। इस दौरान अतिथियों ने विभिन्न स्टॉलों का ज़ायजा लिया। मेले में कुल बीस स्टॉल लगाए गए, जिसमें स्थानीय स्वयं सहायता समूहों द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को प्रदर्शित किया गया। मेले के दौरान युवाओं द्वारा खाद्य सुरक्षा विषय पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए गए। यह मेला आम जनता और पर्यटकों के लिए आज भी जारी रहेगा।

<><><><><><>

भारत सरकार के आयुष्मान भारत कार्यक्रम के स्वास्थ्य और कल्याण के तहत स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम को शामिल किया गया है। इससे स्वास्थ्य संवर्धन गतिविधियों के माध्यम से निवारक और प्रोत्साहन पहलुओं को मजबूत किया जा सके। 'राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम' का उद्देश्य किशोरों की स्वास्थ्य और विकास संबंधी आवश्यकताओं को समग्र रूप से पूरा करना है। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के तीनों जिलों में इस कार्यक्रम को शुरू किया गया है। स्कूल स्वास्थ्य संवर्धन गतिविधियाँ मध्य, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक सरकारी स्कूलों में कार्यान्वित की जा रही हैं। द्वीपों के एक सौ इक्कीस स्कूलों को कवर किया गया है, जिसमें एक हजार एक सौ पच्चीस स्कूल स्वास्थ्य और देखभाल दूतों को प्रशिक्षित किया गया है। स्कूल स्वास्थ्य एवं आरोग्य कार्यक्रम के संबंध में स्वास्थ्य सचिव की अध्यक्षता में अंतरविभागीय बैठक भी आयोजित

की गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य सचिव द्वारा विद्यार्थियों, स्कूल स्वास्थ्य एवं आरोग्य संदेशवाहकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विज्ञान, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय और खेल एवं युवा मामले विभाग तथा अंडमान निकोबार शतरंज संघ के सहयोग से दो दिवसीय टूर्नामेंट आयोजित कर रहा है। पहली बार फिडे रैपिड रेटिंग ओपन शतरंज टूर्नामेंट–'अंडमान निकोबार शतरंज महासंग्राम–2025' कल नेताजी स्टेडियम में शुरू हुआ। मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने इस शतरंज टूर्नामेंट की शुरुआत की। इस अवसर पर शिक्षा सचिव एल. कुमार, शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी तथा शतरंज खिलाड़ियों के अभिभावक मौजूद थे। मुख्य सचिव, शिक्षा और शिक्षा निदेशक ने शतरंज टेबलों का दौरा किया और विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों की बड़ी भागीदारी के साथ कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजकों की प्रशंसा की। इस टूर्नामेंट में छह सौ से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। यह टूर्नामेंट आज भी जारी रहेगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल क्षेत्र के अंडर–17 लड़के और लड़कियों तथा अंडर–17 लड़कियों के लिए अंतर स्कूल फुटबॉल नॉक आउट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट तीन स्थानों गर्ल्स स्कूल मैदान, भातूबस्ती मैदान और जंगलीघाट स्कूल मैदान पर आयोजित किए जा रहे हैं। कल कुल बारह मैच खेले गए।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के चिन्मय मिशन की ओर से "मूल्य शिक्षा और इसके कार्यान्वयन" पर एक संगोष्ठी का आयोजन करेगा। यह संगोष्ठी मिशन के सभागार में आज सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य भूमि के जाने–माने शिक्षाविद् संगोष्ठी में भाग लेंगे और अपने विचार साझा करेंगे।

<><><><><><><>